आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1910 सोमवार 09.09.2024

मुख्य समाचारः–

1– बस्तर संभाग में बीते दो दिनों से हो रही बारिश से आम जनजीवन प्रभावित–अनेक नदी–नाले उफान पर–आवागमन बाधित हुआ।

2– भगवान बलराम की जंयती को आज प्रदेशभर में किसान दिवस के रूप में मनाया गया–रायपुर में आयोजित किसान दिवस में मुख्यमंत्री हुए शामिल।

3– केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू ने नई दिल्ली में केन्द्रीय इस्पात मंत्री से मुलाकात कर एनएमडीसी मुख्यालय को हैदराबाद से स्थानांतरित कर छत्तीसगढ़ के रायपुर में स्थापित करने की मांग की।

4– केन्द्र सरकार ने राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों को मंकीपॉक्स के सभी संदिग्ध मामलों की जांच और परीक्षण करने को कहा।

बारिश–01

बस्तर संभाग में बीते दो दिनों से हो रही बारिश से आम जनजीवन अस्त–व्यस्त हो गया है।

नारायणपुर जिले में बीती रात से हो रही बारिश के बाद सभी छोटे–बड़े नदी–नाले उफान पर है। कोंडागांव से नारायणपुर के बीच छेरीबेड़ा नदी के पुल के ऊपर से पानी बहने के कारण इस मार्ग पर चलने वाली बसों के पहिए थम गए हैं। वहीं, ओरछा से नारायणपुर के बीच पिनगुण्डा और माड़ीन नदी भी उफान पर है। इससे आवागमन बाधित हो गया है। निचली बस्तियों में भी पानी भर गया है। सुरक्षा की दृष्टि से जगह–जगह होमगार्ड के जवानों को तैनात किया गया है।

वहीं, बीजापुर जिले में कल से हो रही बारिश की वजह से राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक–तिरसठ के ऊपर से पानी बह रहा है। इसकी वजह से बीजापुर और जगदलपुर मार्ग से आने जाने वाले सैकड़ो राहगीर अपने वाहनों के साथ फंसे हुए है। इसके साथ ही दर्जनों गांवों का संपर्क जिला मुख्यालय से टूट गया है। वहीं, इंद्रावती नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है और वह खतरे के निशान के करीब पहुंच गया है। इससे इंद्रावती के किनारे बसे कई गांवों में बाढ़ आने की आशंका है। लोगों को नदी के किनारे जाने से मना किया गया है। साथ ही सतर्क रहने को कहा गया है।

इसी तरह, कांकेर जिले में बीती रात से हो रही बारिश की वजह से कांकेर शहर से गुजरने वाली दूध नदी के अलावा जिले के अन्य इलाकों से गुजरने वाली कोटरी, मेढ़की और खंडी नदी का जलस्तर बढ़ गया है। वहीं, भानुप्रतापपुर–संबलपुर मार्ग पर पानी पुल से लगभग तीन फीट ऊपर बहने के कारण आवागमन बंद हो गया है। इसके साथ ही कोटरी नदी भी उफान पर है। इससे कोयलीबेड़ा मुख्यालय का अट्ठारह ग्राम पंचायतों से संपर्क टूट गया है। कोयलीबेड़ा से अंतागढ़ के बीच फांसीनाला पर तीन फीट ऊपर पानी बहने से इस मार्ग पर आवागमन बाधित हुआ है।

बारिश–02

वन मंत्री केदार कश्यप ने नारायणपुर, सुकमा, बीजापुर और दंतेवाड़ा जिलों के कलेक्टर को प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्य तेजी से चलाने के निर्देश दिए हैं।

इस बीच, मौसम विभाग ने कल बिलासपुर, रायपुर और दुर्ग संभाग के जिलों में भारी वर्षा होने की चेतावनी दी है। कुछ स्थानों पर अति भारी वर्षा भी हो सकती है। इसके अलावा एक–दो स्थानों पर गरज–चमक के साथ वज्रपात होने की आशंका भी जताई गई है।

कल बलौदाबाजार में हुई घटना के मद्देनजर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने लोगों को आकाशीय बिजली और वज्रपात से बचाव के लिए जरूरी सुरक्षा उपायों के बारे में जागरूक करने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। उन्होंने नगरीय निकायों, स्थानीय निकायों और पंचायतों को इस संबंध में स्थानीय बोली में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने को कहा है। मुख्यमंत्री ने लोगों से अपील की है कि बादलों की गरज के दौरान पेड़ों और बिजली के खंभों से दूरी बनाकर रखें, जलाशयों से दूर रहे और धातु की वस्तुओं को भी न छूएं। साथ ही इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का उपयोग न करें। मुख्यमंत्री ने लोगों से कहा है कि यदि कोई व्यक्ति बारिश और गरज–चमक के दौरान घर से बाहर है और कोई सुरक्षित स्थान आसपास नहीं है तो दोनों ऐड़ियों को आपस में मिलाकर उखड़ू बैठ जाए और अपने कानों को ढंक लें।

किसान दिवस

भगवान बलराम की जंयती को आज प्रदेशभर में किसान दिवस के रूप में मनाया गया। रायपुर के इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित किसान दिवस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शामिल हुए। उन्होंने भगवान बलराम और हल की पूजा–अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री ने "जैविक खेती" पर आधारित नवाचारों को देखा और स्टालों का अवलोकन भी किया।

समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि गौ–आधारित प्राकृतिक खेती किसानों के लिए खुशहाली और समृद्धि का रास्ता खोलेगी। जैविक खेती से जुड़कर धान के कटोरे के किसान समृद्ध होंगे। उन्होंने इस मौके पर भगवान बलराम की जयंती को हर वर्ष किसान दिवस के रूप मनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने गौ–आधारित जैविक और प्राकृतिक खेती करने वाले तथा इस क्षेत्र में किसानों को प्रेरित करने वाले उत्कृष्ट किसानों को सम्मानित किया।

समारोह को अखिल भारतीय किसान संघ के दिनेश कुलकर्णी, कृषि मंत्री रामविचार नेताम और सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने भी संबोधित किया।

किसान दिवस पर ''प्राकृतिक एवं गौ आधारित कृषि'' विषय पर एक दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला भी आयोजित की गई। इस कार्यशाला में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से आए दो हजार से अधिक किसान शामिल हुए। इसी तरह, प्रदेश के विभिन्न जिलों में संचालित सत्ताईस कृषि विज्ञान केन्द्रों में भी आज बलराम जयंती पर किसान दिवस का आयोजन किया गया।

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस महीने की उनतीस तारीख को आकाशवाणी से प्रसारित होने वाले 'मन की बात' कार्यक्रम में देश और दुनियाभर के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ चौदहवीं कड़ी होगी। श्रोता, इस महीने की सत्ताईस तारीख तक टोल फ्री नम्बर एक आठ शून्य–शून्य – एक–एक – सात आठ शून्य–शून्य (1800 – 11 – 7800) पर कार्यक्रम के लिए सुझाव भेज सकते हैं। इसके अलावा एक–नौ–दो–दो पर मिस्ड कॉल देकर एसएमएस पर मिले लिंक से भी सुझाव भेजे जा सकते हैं। नरेंद्र मोदी ऐप या माई जीओवी ओपन फोरम के जरिये ऑनलाइन भी सुझाव दिये जा सकते हैं।

केन्द्रीय राज्यमंत्री–मुलाकात

केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू ने आज नई दिल्ली में केन्द्रीय इस्पात मंत्री एच.डी. कुमार स्वामी से मुलाकात की। इस दौरान श्री साहू ने केन्द्रीय इस्पात मंत्री से एनएमडीसी मुख्यालय को हैदराबाद से स्थानांतरित कर छत्तीसगढ़ के रायपुर में स्थापित करने की मांग की।

गौरतलब है कि एनएमडीसी लिमिटेड की अधिकांश इकाइयां छत्तीसगढ़ में हैं और पिछले छह दशक से राज्य से अयस्क निकाल कर बाहर भेज रही है।

मंकीपॉक्स–निर्देश

केन्द्र सरकार ने राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों को मंकीपॉक्स के सभी संदिग्ध मामलों की जांच और परीक्षण करने को कहा है। केन्द्रीय स्वास्थ्य सचिव अपूर्व चंद्र ने मंकीपॉक्स से संबंधित विश्व स्वास्थ्य संगठन की अंतर्राष्ट्रीय जन स्वास्थ्य आपात की घोषणा की। मंत्रालय ने अपने परामर्श में मंकीपॉक्स को लेकर जागरूकता बढ़ाने तथा लोगों में फैले डर को रोकने के लिए निवारक उपाय अपनाने पर बल दिया है। मंत्रालय ने वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा राज्य और जिला स्तर पर स्वास्थ्य सुविधा विशेषकर जन स्वास्थ्य से संबंधित तैयारियों की समीक्षा करने का परामर्श भी दिया।

दुर्घटना

जांजगीर–चाम्पा जिले में तीन अलग–अलग घटनाओं में दो महिला समेत तीन लोगों की मौत हो गई। पहली घटना बलौदा थाना क्षेत्र के सुल्ताननार गांव की है, जहां पर नाले में डूबने से एक महिला की मौत हो गई। वहीं, दूसरी घटना मुलमुला थाना क्षेत्र के तागा गांव की है, जहां एक महिला तालाब में फिसलकर गिर गई, जिससे उसकी मौत हो गई। तीसरी घटना अकलतरा थाना क्षेत्र के कोटमीसोनार रेलवे स्टेशन के पास की है। यहां एक व्यक्ति के ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई।

उधर, कोंडागांव जिले के बोरगांव के पास राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक–तीस पर कार और ट्रक के बीच टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में कार चालक की मौत हो गई। वहीं, कार में सवार अन्य चार लोग घायल हो गए हैं। दुर्घटना के दौरान पीछे से आ रहे स्कूटी सवार भी इस हादसे के शिकार हो गए और घायल हो गए। सभी घायलों को फरसगांव अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

सरपंच हत्या–कारावास

सक्ती जिले के द्वितीय अपर सत्र न्यायालय ने भुतहा गांव के सरपंच की हत्या के मामले में छह आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। यह घटना दिसंबर दो हजार इक्कीस की है, जब आरोपियों ने बावन एकड़ शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा कर लिया था, जिसकी शिकायत सरंपच द्वारा करने पर शासन ने आरोपियों पर कार्रवाई की थी। इससे नाराज आरोपियों ने सरपंच की हत्या कर दी थी।

तबादला

राज्य शासन के नगरीय प्रशासन विभाग ने एक सौ सैंतालीस अभियंताओं के नये पदस्थापना के तीन अलग–अलग आदेश जारी किए हैं। स्थानांतरित अधिकारियों में अधीक्षण अभियंताओं से लेकर कार्यपालन अभियंता, सहायक अभियंता और उप अभियंता शामिल हैं। नगरीय प्रशासन विभाग ने सभी स्थानांतरित अभियंताओं को सात दिनों के भीतर कार्यभार ग्रहण कर विभाग को सूचित करने को कहा है।

संक्षिप्त समाचार

– बिलासपुर जिला चिकित्सालय को केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने उत्कृष्ट चिकित्सा सेवाओं के लिए राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण पत्र के साथ ही लक्ष्य और मुस्कान प्रमाण पत्र भी जारी किया है। उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने इस उपलब्धि के लिए अस्पताल प्रबंधन को बधाई दी है।

– राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत जशपुर जिले के चार हजार से अधिक आंगनबाड़ी केंद्रों में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और पालकों को व्यंजन प्रतियोगिता के माध्यम से पौष्टिक आहार की जानकारी दी गई।

– भिलाई स्थित खूबचंद बघेल कॉलेज के सहायक प्रोफेसर पर जानलेवा हमला करने वाले तीन आरोपियों की जमानत याचिका दुर्ग जिला एवं सत्र न्यायालय ने खारिज कर दी है।

– बिलासपुर के सिम्स और जिला अस्पताल में पैथोलॉजी जांच की रिपोर्ट अब मरीज और उनके परिजनों को व्हाट्सएप मैसेज के जरिए भेजी जाएगी। बिलासपुर कलेक्टर अवनीश शरण ने दोनों संस्थानों के प्रबंधन को इस संबंध में निर्देश दिए हैं।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>